卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्नि जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

वर्ष 24 | अंक 218 | पृष्ठ 8 | रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) | रविवार | 19 मई 2024 | मूल्य दो रूपया


COLUMBUS PUBLIC SCHOOL RUDRAPUR
Estd. 1997

# Columbus Public School

(Affiliated to C.B.S.E., New Delhi) Affln. No.: 3530120

**Columbus Family congratulates its CBSE SSE/SSCE 2024 students for 100% Pass Result & marvellous performance**

## (Class 10)




### Other Top Performers

Pragati Upadhyaya 89.4% | Satvik Bhatt 89.2% | Piyush Ghosh 88.8% | Vaishnavi Gupta 88.8% | Alisha Parveen 88.4% | Akshra Yadav 86.6% | Vanshika Gurchan 85.8% | Aman Raj 85.4% | Shivansh Pandey 84.6% | Utkarsh Gupta 84.6% | Damya Gupta 84.2% | Vanshika Joshi 84% | Shweta Singh 83.8% | Maahim Khan 83.8% | Sambhavi Dubey 83.6% | Rashmi Chauhan 83.4% | Himanshi Singh 83.4% | Atulya Yadav 82.6% | Abhishek Thapa 82.2% | Umang Yadav 82.2% | Anirudh Kumar Gupta 82.2% | Shivam Verma 82% | Abhay Kushwaha 81.6% | Eshant Nagarkoti 81.2% | Khagendra Pratap Singh 81.2% | Rohit Kapoor 81.2% | Bhumika Joshi 80.8% | Sajal Kumar Gheek 80.8% | Divyanka 80.8% | Shaun S Stephen 80.6% | Prithvi Prabhakar 80%

### Subjectwise Top Scorers

I.T (100) : Abhay Kushwaha, Alvira Mirza, Prabhpuneet Singh Dhillon | Maths (100) : Jagjeevan Singh Gill
Hindi (99) : Jagjeevan Singh Gill | Social Science (100) : Manas Singh
English (94) : Utkarshha Pratap Singh | Science (98) : Paarth Yash

*Aggregate percentage calculated as per Annexure II - 'Scheme of Studies at Secondary Level (Classes IX-X)' of Circular No. Skill-01/2023 of CBSE/Dir/SE/2023

## (Class 12)




### Other Top Performers

Najim Khan 89% | Chirag Juneja 88.6% | Mahi Baranwal 88.4% | Gun Rajput 88% | Vaibhav Pargai 87.6% | Ishika Taneja 86.6% | Dev Dutt 85.4% | Aviral Verma 85% | Rashmi Kushwaha 84.8% | Krishna Shah 84.2% | Vanshika Agarwal 84% | Khushi Khurana 82.2% | Ayush Kumar Rao 81.8% | Prakriti Mourya 81.2% | Jatin Singh Bhandari 80.6%

### Subjectwise Top Scorers

Accounts (99) : Chirag Juneja, Mansi Mishra | Maths (96) : Mansi Mishra | Hindi (93) : Gun Rajput
Business Studies. (98) : Muskan | Computer (97): Nancy Singh, Vedant Kalkal
Physical Education (99): Shweta Singh | History (95): Priyank Srivastava | Economics (98) : Muskan
Political Science (93): Priyank Srivastava | English (99) : Janvi Juneja | Physics (95): Shreya Kandari
Chemistry (96): Shreya Kandari | Biology (95): Shweta Singh, Mahi Baranwal

## Admissions Open For Class 11 (Arts, Science & Commerce)

(Merit based Fee Waiver for Students with more than 90% marks)

99279 27999 | 9927963999 | www.cps.edu.in

# चारधाम यात्रा पड़ावों पर लगा लंबा जाम







**❑एक साथ हजारों तीर्थयात्रियों की बढ़ती भीड़ से यात्रा पड़ावों पर अनियंत्रित हो रही चारधाम यात्रा**

**❑जिला और पुलिस प्रशासन के अधिकारी दिन रात व्यवस्थाओं में जुटे, ट्रैफिक व्यवस्था नियंत्रण में**

**❑होल्डिंग एरिया में रोके गए यात्रियों के लिए पानी, भोजन एवं चिकित्सा सुविधा मुहैया करायी गई**

देहरादून(उद संवाददाता)। देवभूमि उत्तराखंड में चारधाम यात्रा पूरे चरम पर है। यात्रियों की बढ़ती भीड़ को नियंत्रित करने में पुलिस प्रशासन के पसीने छूट रहे हैं। वहीं राज्य सरकार ने यात्रियों की सुविधा के लिए हर संभव व्यवस्थाये करने के दिशा निर्देश जिला प्रशासन को दिये हैं। 11 वें ज्योतिर्लिंग श्री केदारनाथ में दर्शन के लिए देश-दुनिया से पहुँच रहे श्रद्धालुओं को भगवान शिव की महिमा का वर्णन अब आस्था पथ से भी दिखेगा। जिला प्रशासन की पहल पर जिला पर्यटन विभाग ने केदारपुरी में एलसीडी टीवी लगवाए हैं। 50 इंच के 10 टीवी आस्था पथ पर लगाए गए हैं। आस्था पद पर श्रद्धालुओं को इन टीवी स्क्रीन पर बाबा केदारनाथ जी के मंदिर के लाइव दर्शन होंगे। इसके साथ ही भगवान शिव की कथाएं एवं महिमाओं का दर्शन भी इस पर होगा। टीवी पर स्वास्थ्य एवं यात्रा से जुड़ी गाइडलाइंस भी प्रसारित की जाएंगी। 10 मई को कपाट खुलने के बाद से बीते 8 दिनों में 2,15,930 श्रद्धालुओं ने बाबा केदारनाथ के दर्शन कर लिए हैं। जिसमें से 10 हजार 70 ने हेली सेवा, 47806 ने घोड़े-खच्चरों, 1428 ने डंडी एवं 1851 श्रद्धालुओं ने कंडी के माध्यम से बाबा श्री केदार के दर्शन किए। जबकि 154775 श्रद्धालु अब तक पैदल ट्रैक रूट से श्री केदारनाथ धाम के दर्शन कर चुके हैं। श्री केदारनाथ धाम में सुगम, सुरक्षित यात्रा के लिए राज्य सरकार, जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। पैदल मार्ग पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। जो किसी भी यात्री के बीमार या घायल होने पर तत्काल उपचार हेतु नजदीकी एम.आर.पी. में पहुंचा रहे हैं। गंभीर स्थिति वाले तीर्थयात्रियों को हायर सेंटर रेफर किया जा रहा है। उत्तरकाशी जिले में रिकॉर्ड संख्या में तीर्थयात्रियों के पहुंचने का क्रम निरंतर जारी है। यात्रा सुव्यस्थित रूप से संचालित हो रही है। यमुनोत्री एवं गंगोत्री धाम के कपाट खुलने के 9 दिन के भीतर दोनों धामों में पहुंचने वाले यात्रियों का आंकड़ा दो लाख के पार होने की संभावना है। यात्रा रूटों पर वाहनों की संख्या भी लगातार बढ़ती जा रही हैं, लेकिन गेट व वन-वे व्यवस्था लागू किए जाने से ट्रैफिक व्यवस्था नियंत्रण में है। जिसे देखते हुए होल्डिंग एरिया एवं होल्डिंग टाइम को कम किए जाने पर भी विचार किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा होल्डिंग एरिया में रोके गए यात्रियों के लिए पानी, भोजन एवं चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के साथ ही इन स्थानों पर यात्री सुविधाओं को बढ़ाने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। इस काम में अनेक विभागों को लगाया गया है। जिससे यात्रा में कम समय भी लग रहा है। गंगोत्री एवं यमुनोत्री धाम में रिकार्ड संख्या में यात्रियों के पहुंचने के कारण यात्रा सुविधाओं एवं सड़कों पर अत्यधिक दबाव है। इस चुनौती से निपटने के लिए शासन- प्रशासन में विभिन्न स्तरों पर स्थिति की निरंतर निगरानी और समीक्षा के साथ ही त्वरित समाधान हेतु निरंतर फैसले लेकर उन्हें धरातल पर क्रियान्वित करवाया जा रहा है। खुद मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने गत दिवस यमुनोत्री मार्ग पर यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लेकर यात्रियों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने यात्रा इंतजामों को लेकर अनेक हिदायतें जारी की। यात्रा व्यवस्थाओं को लेकर जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट और पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी गंगोत्री व यमुनोत्री यात्रा मार्ग व यात्रा पड़ावों पर लगातार रात-दिन दौरा कर यात्रियों से मुलाकात करने के साथ ही यात्रा प्रबंधन में जुटे प्रशासन एवं पुलिस के अमले का मार्गदर्शन कर रहे हैं। प्रशासन द्वारा होल्डिंग एरिया में जलापूर्ति, बिजली, टॉयलेट्स की सुविधाएं बढ़ाई गई हैं। मोबाइल चिकित्सा टीमों को भी इन क्षेत्रों में तैनात किया गया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर होल्डिंग स्थलों पर यात्रियों को पेयजल, चाय, दूध, भोजन उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी कराई जा रही हैं। यात्रियों को वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग का अनुरोध किया जा रहा है। इन इंतजामों में विभिन्न विभागों के साथ ही ग्राम्य विकास विकास विभाग की आजीविका परियोजना एवं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी ग्रामीण महिलाएं भी सहयोग कर रही हैं। प्रशासन द्वारा रामलीला मैदान में शुरू कराए गए लंगर में खुद मुख्य विकास अधिकारी जय किशन ने यात्रियों को भोजन परोसा। यात्रा मार्गों व धामों पर भीड़ के कारण उत्पन्न वस्तुस्थिति से वाकिफ तीर्थयात्री प्रशासन के इंतजामों से संतुष्ट होकर वाहनों के नियंत्रित संचालन की व्यवस्था में सहयोग कर रहे हैं। यमुनोत्री धाम में गत दिन सर्वाधिक 15800 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। धाम में एक दिन में आने वाले श्रद्धालुओं का यह नया रिकॉर्ड है। गंगोत्री धाम में भी गत दिन 14010 श्रद्धालु पहुंचे। कपाट खुलने के बाद इन दोनों धामों में पिछले दिन तक 186275 तीर्थयात्री पहुंच चुके हैं। इन दोनों धामों में कपाट खुलने के बाद गत दिन सर्वाधिक 2740 वाहन पहुंचे। बावजूद इसके बेहतर प्रबंधन के चलते यात्रा मार्गों पर स्थिति सामान्य रही और दोनों धामों में एक साथ भीड़ इकट्ठा होने की स्थिति नहीं बनी। आज दोपहर 12 बजे जिले में यमुनोत्री मार्ग पर डामटा में 25, दोबाटा में 12, खरादी में 100, पालीगाड में 200 वाहन होल्ड पर रखे गए थे। जबकि खरसाली और जानकीचट्टी में 400 वाहन खड़े थे। इस रूट पर दोपहर में डामटा से 53 और पालीगाड से 100 वाहन छोड़े गए। इसी तरह गंगोत्री मार्ग पर दोपहर में रामलीला ग्राउंड उत्तरकाशी में 35, सोनगाड व सुक्खीटॉप में 60, झाला में 80, हर्षिल में 12 और लंका में 6 वाहन होल्ड पर रखे गए थे। जबकि उत्तरकाशी से 245 और हर्षिल से 100 वाहनों को छोड़ा गया। दोपहर में गंगोत्री में लगभग 500 वाहन खड़े थे और 50 वाहनों को यहां से प्रस्थान करवाया गया। होल्डिंग एरिया में रोके गए वाहनों में लगभग 17 हजार यात्री सवार हैं। गेट सिस्टम के तहत अगले गंतव्य में स्थान उपलब्ध होने पर उन्हें सिलसिलेवार ढंग से आगे के लिए प्रस्थान करवाया जाना है।

## सीएम धामी ने होल्डिंग पॉइंट्स पर यात्रियों के लिए सभी मूलभूत सुविधाओं को बढ़ाने के दिए निर्देश



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल माध्यम से चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं के संबंध की समीक्षा करते हुए चार धाम ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाएं जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा आने वाले साल में भी चारधाम यात्रा और अधिक बढ़ने वाली है। चारधाम यात्रा, कावड़ यात्रा, पूर्णागिरी यात्रा सहित प्रदेश के अंदर संपन्न होने वाली विभिन्न यात्राओं के कुशल प्रबंधन और संचालन के लिए आवश्यकता अनुसार यात्रा प्राधिकरण की ओर भी विचार किया जाए। शनिवार को नई दिल्ली से ही वर्चुअल माध्यम से जुड़े सीएम धामी ने कहा कि उत्तराखंड में प्रवेश कर रहे प्रत्येक श्रद्धालु को चारधाम के दर्शन करवाना हम सभी की जिम्मेदारी है। हमने श्रद्धालुओ का सहभागी बनकर यात्रा संपन्न करवानी है। उन्होंने यात्रा को लेकर अधिकारियों को हमेशा अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए। उन्होंने होल्डिंग पॉइंट्स पर सभी मूलभूत सुविधाओं के साथ ही शौचालयो की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। अत्यधिक भीड़ बढ़ने पर गाड़ियों की निकासी के लिए वैकल्पिक मार्गों पर विचार किए जाने की बात कही। साथ ही अधिकारियों को यात्रा मार्ग पर नियमित रूप से सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी छुट्टियों एवं वीकेंड के दृष्टिगत भी सभी तैयारियां पूर्ण करें। उन्होंने हरिद्वार, देहरादून, पौड़ी, टिहरी, रूद्रप्रयाग, चमोली एवं उत्तराकाशी के जिलाधिकारी एवं प्रशासन से आपसी समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा सभी अधिकारी ग्राउंड में जाकर श्रद्धालुओ से फीडबैक भी लें ताकि समय रहते छोटी कमियों को भी दूर किया जाए।









## आयुक्त गढ़वाल ने ऋषिकेश में किया यात्रा पंजीकरण कार्यालय का निरीक्षण

ऋषिकेश। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर चारधाम यात्रा में आ रहे यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत शनिवार को सचिव मुख्यमंत्री एवं आयुक्त गढ़वाल श्री विनय शंकर पाण्डेय द्वारा यात्रा कार्यालय, ऋषिकेश का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार ऐसे लोग जो बिना पंजीकरण के उत्तराखण्ड आ गए हैं उनका निर्धारित संख्या में पंजीकरण कर उन्हें यात्रा पर भेजे जाने की व्यवस्था प्रारंभ कर दी गई है। इस व्यवस्था के तहत आज 800 यात्रियों को ऋषिकेश से चारधाम यात्रा के लिए भेजा गया। उन्होंने कहा कि जो लोग अभी उत्तराखण्ड की सीमा से बाहर हैं, उन्हें ऑनलाइन पंजीकरण के बाद ही यात्रा पर भेजा जाएगा। सचिव मुख्यमंत्री एवं आयुक्त गढ़वाल द्वारा यह भी व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है कि यात्रियों की सुविधा के लिए यात्रा कार्यालय, ऋषिकेश जहां यात्रियों के पंजीकरण की प्रक्रिया गतिमान है, वहां स्थित दो सुलभ शौचालयों को निःशुल्क यात्रियों के लिए उपलब्ध कराया जाए। इस अवसर पर महानिदेशक सूचना श्री बंशीधर तिवारी सहित यात्रा व्यवस्थाओं से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे।

## गंगोत्री और यमुनोत्री में यात्रा हुई सुचारू, ढाई लाख तीर्थयात्री पहुंचे

उत्तरकाशी। गंगोत्री व यमुनोत्री धाम में कपाट खुलने के बाद से 9 दिनों के भीतर दो लाख बारह हजार के अधिक श्रद्धालु पहुँच चुके हैं। धामों में रिकॉर्ड संख्या में तीर्थयात्रियों के आने और सड़कों पर वाहनों के भारी दबाव के बावजूद यात्रा सुचारू और सुव्यवस्थित रूप से संचालित हो रही है। यात्रा को विनयिमित करने के लिए वाहनों की नियंत्रित व व्यवस्थित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए बनाए गए होल्डिंग प्वाईंट्स पर आज वाहनों को कुछ समय तक रोक कर धामों पर अगले गंतव्य में स्थान की उपलब्धता के अनुसार रवाना कराए जाने का क्रम जारी रहा। प्राप्त सूचना के अनुसार सायं छः बजे गंगोत्री धाम की पार्किंग में 700 वाहन तथा यमुनोत्री धाम के अंतिम पड़ाव जानकीचट्टी व खरसाली में लगभग 500 वाहन खड़े थे। इस दौरान गंगोत्री धाम से लगभग 65 वाहनों और जानकीचट्टी से 150 वाहनों को वापसी के लिए प्रस्थान करवाया गया है।प्रशासन के द्वारा पार्किंग स्थलों पर रोशनी, टॉयलेट्स व पेयजल सहित यात्रियों की सहायता व सूचना के लिए विभिन्न प्रबंधन सुनिश्चित किए गए हैं। गंगोत्री व जानकीचट्टी पार्किंग स्थलों सहित दोनों धामों में प्रशासन के द्वारा इस बार हाईमास्ट लाईट भी लगवाई गई है।

## प्रशासन ने जाम में फंसे यात्रियों को बांटे फूड पैकेट और पानी की बोतलें

रूद्रप्रयाग। केदारनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए 10 मई को खोल दिए गए थे। केदारनाथ धाम में कपाट खुलने से लेकर अब तक श्रद्धालुओं का भारी संख्या में आना जारी है। 10 मई को कपाट खुलने के बाद से बीते 8 दिनों में 2,15,930 श्रद्धालुओं ने बाबा केदारनाथ के दर्शन कर लिए हैं। भारी संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालुओं के कारण यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर जाम की स्थिति बनी हुई है।डीएम सौरभ गहरवार के निर्देश पर जाम में फंसे यात्रियों को राहत पहुंचाने के लिए ब्यूंगगाड़, फाटा, जामू क्षेत्रों में श्रदालुओं को फूड पैकेट और पानी की बोतलें वितरित की गई। बता दें पूर्व में सीएम धामी भी चमोली, उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन को जिले में आ रहे यात्रियों को राहत सामग्री पहुंचाने के निर्देश दे चुके हैं। जिला प्रशासन की ओर से ब्यूंगगाड़, फाटा, जामू आदि क्षेत्रों में जाम में फंसे 2500 श्रद्धालुओं को जिला पूर्ति अधिकारी मनोज कुमार डोभाल एवं सेक्टर अधिकारी फाटा नरेंद्र कुमार एवं उनकी टीम द्वारा उनकी गाड़ियों में जाकर फूड पैकेट एवं पानी की बोतलें वितरित की गई। वहीं जगह जगह यात्रियों के लिए विश्राम स्थल बनाकर विश्राम करने की व्यवस्था की गई हे।

विघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियाय लम्बोदराय सकलाय जगद्धिताय । नागाननाथ श्रुतियज्ञविभूषिताय गौरीसुताय गणनाथ नमो नमस्ते ।।
हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एवं वैदिक ब्राह्मणों द्वारा रूद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि
कुंडली
समस्याओं का समाधान के लिये संपर्क करें :
आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444

# सीडीओ ने सितारगंज ब्लाक कार्यालय का किया निरीक्षण

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार द्वारा शनिवार को विकासखंड सितारगंज का निरीक्षण किया गया।मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विकासखंड सभागार की साफ– सफाई, प्रथम तल पर बंद शौचालय को चालू करने, स्टोर रूम में फायर सिस्टम को लगाने, भवन में मतपेटी को हटाने एवं कार्यालय



पत्रावलियों के निरीक्षण में सूचना अधिकार अधिनियम–2005 के अंतर्गत प्राप्त आवेदन पत्रों के निस्तारण की प्रक्रिया में सुधार के निर्देश दिए गए तथा एनआरएलएम स्टाफ को व्यक्तिगत उद्यमी योजना के तहत बैंक ऋण शीघ्र दिलाने अल्टापूयर में समूह की महिलाओं को ही लाभान्वित करने तथा ग्रोथ सेंटर व वन–धन केंद्र को चालू करने के निर्देश दिए गए । निरीक्षण के दौरान परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण उधम सिंह नगर, खंड विकास अधिकारी सितारगंज,सहायक खंड विकास अधिकारी ,सहायक विकास अधिकारी (पंचायत )आदि उपस्थित रहे ।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें–
विजय आयुर्वेद क्लीनिक पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः–
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री–पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA M.D. (Ayurveda) Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA M.D. (Ayurveda) स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी डी । डी 2 सिविल लाईन, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# डेंगू की रोकथाम के लिए चलायें स्वच्छता अभियान: डीएम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जनपद में डेंगू से बचाव हेतु सीधे लार्वा पर ही वार किया जाये ताकि मच्छर पनपने न पाएं। यह निर्देश जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने जिला कार्यालय सभागार में डेंगू के रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु आयोजित बैठक में दिए। जिलाधिकारी ने जनपद में डेंगू के रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य, पंचायतीराज, ग्राम विकास, शहरी विकास तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों को समन्वय बनाते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित कर साफ–सफाई रखने, दवाईयों के छिड़काव व फोगिंग तथा स्वच्छता अभियान पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। उन्होंने डेंगू के प्रति विभिन्न माध्यमों से वृहद स्तर पर जन–जागरूकता अभियान चलाने तथा विद्यालयों में प्रतिदिन प्रार्थना सभाओं में डेंगू के लक्षण, कारण, रोकथाम एवं नियंत्रण के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने विद्यार्थियों को पूरी बाजू वाले कपड़े पहनकर आने



के निर्देश शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिये साथ ही उन्होंने मच्छरदानी का प्रयोग करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिये कि डेंगू का मरीज पाये जाने पर सम्बन्धित क्षेत्र में जनपद तथा ब्लॉक की टीमों द्वारा विशेष अभियान चलाया जाये। जिलाधिकारी ने नगर निगम, पालिकाओं, पंचायतों के जनप्रतिनिधियों को भी डेंगू के प्रति जागरूक करने हेतु निर्देश सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने जनता से अपील की कि घरों के आसपास पूर्ण साफ–सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करें और कचरे का निस्तारण सही ढंग से किया जाये। उन्होंने कहा कि घरों में कूलर, टेंक, ड्रम, बाल्टी आदि में अनावश्यक एवं लम्बे समय तक पानी न रखें। उन्होंने कहा कि कूलर का उपयोग नही होने का दशा में उसका पानी पूरी तरह खाली किया जाये। घरों के आसपास पानी एकत्रित होने वाली सभी अनुपयोगी वस्तुएं जैसे –टीन के डब्बे, कॉच एव प्लास्टिक के बोतल, नारियल के खोल, पुराने टायर आदि नष्ट कर दें। फ्रीज के 'ड्रिप–पैन' से पानी प्रतिदिन खाली करें। पानी संग्रहित करने वाले टंकी, बाल्टी, टब आदि सभी को हमेशा ढंककर रखें। उन्होंनं डेंगू के प्रति लापरवाही न बरतने, लक्षण पाये जाने पर तुरन्त नजदीकी चिकित्सालय जाने एवं चिकित्सकों की सलाह लेने की अपील भी जनता से की। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि सभी पैथोलॉजी के साथ बैठक कर डेंगू जांच की दरें निर्धारित करें ताकि मरीजों से मनमानी धनराशि न वसूल सकें। उन्होंने जांच दरें लैब के बाहर प्रदर्शित करने के भी निर्देश दिए। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.मनोज शर्मा व डॉ. राजेश आर्य ने बताया कि डेंगू मच्छर जनित रोग है इस पर प्रभावी नियंत्रण आवश्यक है, उन्होंने बताया कि एडिस प्रजाति के मच्छर डेंगू वायरस से संक्रमण फैलाते है। डेंगू दो रूप में परिलक्षित होता है–डेंगू फीवर एवं डेंगू हेमरेजीक फीवर/डेंगू शॉक सिन्ड्रोम। डेंगू का इनक्युबेशन पीरियड साधारणतया 5 से 7 दिन का होता है। एडिस इजिप्टी मच्छर प्राय घरों में तथा घरों के आस–पास ठहरे हुए स्वच्छ पानी में पनपता है। यह मच्छर प्रायः दिन के समय काटता है। इन मच्छरों में डेंगू वायरस का संक्रमण 3 सप्ताह तक रहता है। उन्होंने बताया कि जनपद के सभी चिकित्सालयों में भी डेंगू के मरीजों के लिए आइसोलेशन वार्ड बनाये गये हैं। उन्होने कहा कि 47 डेंगू हॉटस्पॉट चिन्हित किये गये हैं, व 1346 आशाएं घर–घर जाकर डेंगू सोर्स रिडक्शन हेतु कार्य कर रही हैं साथ ही लोगों को जागरूक भी कर रही हैं। बैठक में वीसी प्राधिकरण अभिषेक रूहेला, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, सीएमओ डॉ.मनोज शर्मा, पीएमएस डॉ. आर. के सिन्हा, एसीएमओ डॉ. एस. पी. सिंह, उपजिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा, गौरव पाण्डे, उपायुक्त नगर निगम शिप्रा जोशी, जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. राजपूत, जीएम डीआईसी विपिन कुमार, अधि. अभियंता जल संस्थान ज्योति पालनी, जिला कार्यक्रम एवं बाल विकास अधिकारी मुकुल चौधरी सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल में छात्र संसद का गठन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।दिल्ली पब्लिक स्कूल की 30 सदस्यीय स्टूडेंट काउंसिल के गठन का कार्यक्रम विद्यालय के प्रांगण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के मनोबल को बढ़ाने हेतु मुख्य अतिथि प्रबंधक, प्रशासन एवं कानूनी, बजाज ऑटो लिमिटेड एस. के. मिश्रा, एस.डी.एम. सदर मनीष बिष्ट, डिप्टी कलेक्टर डॉ. अमृता शर्मा,एस .पी. मनोज कटियाल, एम.डी. ,एस पी सॉल्वेंट पवन अग्रवाल , एच.ओ. डी. सर्जरी, सुशीला तिवारी हॉस्पिटल, हल्द्वानी डॉक्टर राजीव , एम.डी. कृष्णा हॉस्पिटल डॉक्टर मैत्री, विद्यालय के अध्यक्ष सुरजीत सिंह ग्रोवर उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं अतिथि गणों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अतिथि गण द्वारा सभी मनोनित सदस्यों को बैजेस पहनाकर अलंकृत किया गया




तथा विद्यार्थियों को इसी तरह सफलता प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं प्रदान की। विद्यालय की हेड गर्ल के रूप में मिराया नेगी कक्षा 5 तथा हेड बॉय के रूप में अनहद सिंह विर्क कक्षा 5 का चयन किया गया । अपने–अपने सदन के ध्वज के साथ सदन के कप्तान व उपकप्तान अपने दल के साथ परेड करते हुए विद्यालय के प्रांगण में उपस्थित थे। विद्यालय के मेधावी छात्र और छात्रों को मेडल तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित और प्रोत्साहित किया गया । सभी काउंसिल सदस्यों ने स्पोर्ट्स कप्तान के साथ शपथ ग्रहण की। मुख्य अतिथि एस के मिश्रा ने अपने वक्तव्य में कहा कि छात्र जीवन में अनुशासन का बहुत महत्त्व है यदि हम छात्र जीवन से ही अनुशासन पर ध्यान देंगे तो हम एक अच्छे नागरिक बन सकते हैं। विद्यालय के चेयरमेन सुरजीत सिंह ग्रोवर ने आशीष वचन एवं शुभकामनाएं देकर मनोनीत सदस्यों तथा मेधावी छात्र एवं छात्राओं का मनोबल बढ़ाया तथा जीवन के हर संघर्ष में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

# सरस्वती शिशु मंदिर में छात्र सांसद एवं कन्या भारती का शपथ समारोह संपन्न

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरस्वती शिशु मन्दिर कालेज में बड़े हर्षोल्लास के साथ छात्र सांसद एवं कन्या भारती का शपथ ग्रहण समारोह विद्यालय के प्रधानाचार्य कैलाश चन्द्र त्रिपाठी के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न दायित्वों की जानकारी देते हुए सदैव अनुशासित रहकर अपने कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। जिसमें छात्र प्रधानमंत्री पद हेतु रूपांशु गंगवार व उप प्रधानमंत्री पद हेतु लव कुमार झा, प्रधानमंत्री बहिन हरपल एवं उप प्रधानमंत्री परी गुप्ता,



सेनापति भैया सचिन एवं सेनापति बहिन जीवका कौर, अनुशासन प्रमुख भैया हेमेन्द्र गंगवार एवं अनुशासन प्रमुख बहिन दिया वैद्य, वन्दना प्रमुख भैया दिपांशु पाण्डेय एवं वन्दना प्रमुख बहिन पलक सरकार का चयन हुआ। इसी प्रकार कुल 66 सांसदों ने अपने पद/दायित्व का निर्वहन पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से करेगें। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के समस्त गुरूजन उपस्थित रहे व सभी सांसदों को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सभी अल्ट्रासाउण्ड क्लीनिकों पर रखें पैनी नजर

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जनपद में शत–प्रतिशत गर्भधारण केस दर्ज करें तथा 12 सप्ताह सें 26 सप्ताह के मध्य होने वाले गर्भपात के कारणों की गहन जांच करें यह निर्देश जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सलाहकार समिति गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीकी अधिनियम की बैठक लेते हुए दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि घटते लिंगानुपात व भ्रूण हत्या को रोकने के लिए पीसीपीएनडीटी लाया गया है। उन्होंने प्रसव पूर्व भ्रूण का लिंग प्रकट करना कानूनी अपराध है इसलिए जनपद में सभी अल्ट्रासाउण्ड क्लीनिकों पर पैनी नजर रखें व नियमित छापेमारी करें । उन्होंने कहा कि उपजिलाधिकारी, चिकित्साधिकारी, बाल विकास, बीडीओ, नामित एनजीओ के सदस्य समन्वय बनाते हुएकार्ययोजना बनाकर कार्य करें। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में गर्भधारण करने वाली महिला को ट्रेक करते हुए उसे आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्री पंजीकृत कर नियमित पोषण आहार, आयरन की दवाएं, जांच आदि सभी सुविधाएं समय



पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें तथा सुरक्षित व संस्थागत प्रसव भी कराना भी सुनिश्चित करें, इसकी नियमित मॉनीटरिंग करने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि चिकित्सालयों व अल्ट्रासाउण्ड क्लीनिकों से सूची लेकर जांच की जाए साथ ही आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्री की मासिक रिपोर्ट की भी नियमित समीक्षा की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि लिंग.चयनात्मक गर्भपात लैंगिक भेदभाव एवं महिलाओं के खिलाफ हिंसा का एक रूप है जो उनके जीवन सम्मान और समानता के अधिकार का उल्लंघन करता है। यह मानव जीवन के मूल्य और गरिमा तथा मानव समाज की विविधता को भी कमजोर करता है। इसलिए पीसीपीएनडीटी एक्ट के सभी प्रावधानों का शत–प्रतिशत लागू करना सुनिश्चित किया जाये। बैठक में समिति के समक्ष दो नये अल्ट्रासाउण्ड मशीनें व 6 अल्ट्रासाउण्ड मशीनों के नवीनीकरण के आवेदनों पर विचार किया गया। समिति द्वारा पीसीपी एनडीटी एक्ट के नियमानुसार पंजीकरण करने के निर्देश दिये गये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, सीएमओ डॉ. मनोज कुमार शर्मा, एसीएमओ डॉ. हरेन्द्र मलिक, डॉ. एस. पी सिंह, डॉ. आर.डी भट्ट , डॉ. नम्रता तिवारी, डीजीसी सिविल बरीद सिंह, सदस्य हीरा जंगपांगी, सीमा सिंह, बिन्दुवासिनी, एसएमओ डॉ. राजेश आर्य, जिला संयोजक पीएनडीटी प्रदीप मेहर आदि मौजूद थे।

# पॉस्को का आरोपी गिरफ्तार

दिनेशपुर (उद संवाददाता)। नाबालिग के साथ छेड़छाड़ और दुष्कर्म के प्रयास के एक मामले में थाना पुलिस ने आरोपित के खिलाफ पोक्सो सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा कायम कर न्यायालय में पेश किया । जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया । थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत ने बताया कि क्षेत्र निवासी एक महिला ने थाने में तहरीर देकर कहा कि एक युवक उसकी 13 वर्षीय नाबालिग बहन के साथ अश्लील हरकत करता है और उसने दुष्कर्म का भी प्रयास किया । जिस पर थाना पुलिस ने आरोपित मोतीपुर नंबर एक निवासी सूरज ढाली उतर कृष्ण पद ढाली के खिलाफ पॉक्सो सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा कायम कर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया । जहां से उसे जेल भेज दिया गया ।





# डीएम ने किया ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारम्भ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।हंस स्पोर्टस की ओर से मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित प्रदेश स्तरीय मान्यता प्राप्त ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी उदय राज सिंह ने रिबन काटकर किया। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि खेल शारीरिक और मानसिक विकास के लिए आवश्यक है। खेलों से तनाव दूर होता है और शरीर स्वस्थ रहता है। इस अवसर पर प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर आयोजकों ने जिलाधिकारी उदय राज सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के आयोजक हंस स्पोर्ट्स के स्वामी अमन अरोरा द्वारा सभी आए





हुए अतिथियों का स्वागत किया एवं जानकारी दी कि दो दिवसीय प्रतियोगिता में कुल 257 प्रतिभागी प्रतिभाग करेंगे । रविवार शाम को सभी विजयी खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा इस। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट प्रदान किये जायेंगे एवं लगभग एक लाख रुपए के नगद पुरस्कार विभिन्न श्रेणियां में प्रदान किये जाएंगे। पहला मैच सार्थक जोशी हल्द्वानी एवं आकाश अग्रवाल रुद्रपुर के बीच अंडर 13 केटेगरी में हुआ ।शुभारम्भ कार्यक्रम का संचालन इंटरनेशनल खिलाड़ी रह चुके शरद जोशी ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि एडीएम पंकज उपाध्याय, जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की, पूर्व सदस्य लोक सेवा आयोग प्रयागराज डॉक्टर रामजी मौर्य , अध्यक्ष उधम सिंह नगर बैडमिंटन एसोसिएशन पुष्कर राज जैन, सचिव उधम सिंह नगर बैडमिंटन एसोसिएशन विष्णु सक्सेना, देवभूमि व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष गुरमीत सिंह के अलावा राजकुमार खनीजों,राजू गाबा, मनोज अग्निहोत्री, नरेंद्र अरोरा,विनोद अरोड़ा, वीके सक्सेना,वीरेंद्र सुखीजा, बलदेव राज ग्रोवर, प्रांतीय प्रतिनिधि व्यापार मंडल के प्रदेश संयुत्तफ मंत्री राजेश बंसल,अमन अरोरा,रेखा अरोरा आदि समेत तमाम लोग मौजूद थे।

## टूर्नामेंट में अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी भी दिखा रहे दमखम

रूद्रपुर। प्रदेश स्तरीय ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता में कई अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी अपना दम दिखा रहे हैं। जिनमें हिमांशु तिवारी, मोहित तिवारी अंतराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हैं। जबकि अमन नेगी, अभिनव कंडारी और यासीन अंसारी राष्ट्रीय स्तर के बैडमिंटन खिलाड़ी है। इसके अलावा वेटरन नेशनल प्लेयर अमित अग्रवाल भी इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं। बैडमिंटन प्रतियोगिता को लेकर प्रदेश के युवा खिलाड़ियों में काफी उत्साह भी छाया हुआ है।

# अंडर 16 जिला क्रिकेट लीग में एमेनिटी अकैडमी बनी चैंपियन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के तत्वाधान में अंडर 16 जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का फाइनल एमिनिटी मदनलाल क्रिकेट अकादमी रुद्रपुर ने जीत कर चैंपियन बनी। जैन ग्लोबल स्कूल के खेल मैदान पर अंडर 16 जिला क्रिकेट लीग का फाइनल मैच दूधिया रोशनी में एमिनिटी अकादमी और रुद्र लायंस एकेडमी के मध्य खेला गया। रुद्र लायंस के कप्तान अभिमन्यु कांडपाल ने टॉस जीतकर एमिनिटी अकादमी को बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एमिनिटी अकादमी ने 50 ओवरों में सभी विकेट खोकर 160 रन बनाएं। जिसमें दिव्यांशु बिष्ट ने 33, गुरकीरत सिंह ने 34, प्रथम कालरा ने 17 रनों का योगदान अपनी टीम को दिया। रुद्रा लायंस की तरफ से कप्तान अभिमन्यु कांडपाल और निदिश पचौरी ने 3-3 और उज्जवल सिंह ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रूद्रा लायंस की पूरी टीम 45 ओवरो में 135 रनों पर ऑल आउट होगी। रुद्र लायंस की तरफ से अभिनव बघेल ने 35 ,नीदीश पचौरी ने 45 रनों का योगदान दिया। एमेनिटी की तरफ से जीवांश यादव ने 4 अनुराग राज और अन्ना ने 2-2 विकेट लिए। यह फाइनल मैच बहुत रोमांस भरा था दूधिया रोशनी में खेले गए फाइनल मैच में सैकड़ो दर्शक व अभिभावक मौजूद रहे। एमेनिटी मदनलाल क्रिकेट अकादमी ने फाइनल मैच रुद्र लायंस क्रिकेट अकादमी को 25 रनों से हराकर अंडर 16 जिला क्रिकेट लीग -2024 के ट्रॉफी पर कब्जा कर चौंपियन बनी। इस टूर्नामेंट के बेस्ट बल्लेबाज अभिमन्यु कांडपाल बेस्ट गेंदबाज उज्जवल सिंह, प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अभिमन्यु कांडपाल को चुना गया। इस मैच के अंपायर निर्भय कुमार और मोहम्मद आमिर ऑनलाइन स्कोरिंग ऋतिक द्वारा की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीखर सिंहा अध्यक्ष सिडकुल एसोसिएशन रुद्रपुर के द्वारा विजेता और उपविजेता को ट्रॉफी और पुरस्कार वितरण किया गया। उन्होंने क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के द्वारा लगातार खिलाड़ियों के लिए बेहतरीन क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन के लिए शुभकामनाएं और बधाई दी। इस अवसर पर सुनील शर्मा, संजय ठुकराल राजीव ठुकराल,संदीप ,ऋतिक कुमार ,सत्येंद्र मिश्रा, बलवंत सिंह कदिर खान ,मोहम्मद नवाज, जितेंद्र छाबड़ा, नवीन टम्टा सुध ाकर जोशी इंद्र नीलकर सुनील यादव और तमाम खेल प्रेमी उपस्थित रहे।




# गदरपुर में वार्ड 11 से डा. सोनू विश्वास ने पेश की दावेदारी

गदरपुर (उद संवाददाता)।नगर निकाय चुनाव के लिए वार्डो से चुनाव लड़ने वाले लोगों ने दावेदारी पेश करनी शुरू कर दी है लेकिन नगर में कुछ चेहरे ऐसे भी है जिनके लिए जनता मांग उठा रही है। ऐसा ही एक चेहरा नगर के वार्ड नं 11 में है।जो विगत कई वर्षों से लगातार जनता की सेवा कर रहे है। डॉ विप्रजीत विश्वास (सोनू) ने अपनी सेवाओं से अलग ही पहचान बनाई है। डॉ सोनू वर्ष 2003 से चिकित्सा सेवा कर रहे है वही इसी सेवा के चलते ओर उनके समर्पणभाव से रेड क्रोस सोसाइटी के वर्ष 2010 से वर्ष 2016 तक सचिव और वर्ष 2016 से वर्तमान तक चेयरमैन पद का दायित्व निभा रहे है।इतना ही नही राजनैतिक जीवन मे भी डॉ सोनू विश्वास भारतीय जनता पार्टी के वर्ष 2009 से चार बार मंडल उपाध्यक्ष सहित सचिव पर का दायित्व निभा चुके है साथ ही वर्तमान में भाजपा जिला काशीपुर से चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक का दायित्व निभा रहे है। वार्ड के तमाम लोग उन्हें इस बार निकाय चुनाव लड़ाना चाहता है। डॉ सोनू विश्वास का कहना है कि वह वार्ड की जनता की भवनाओं का हृदय की गहराइयों से सम्मान करते है और अगर पार्टी ने उन्हें मौका दिया तो जनता के आशीर्वाद से मजबूती से चुनाव लड़ेंगे भी ओर जीतकर पार्टी को मजबूत करेंगे।






RAINBOW PUBLIC SCHOOL RUDRAPUR
LEARN TO RISE
RAINBOW PUBLIC SCHOOL
A Senior Secondary (10+2) Affiliated to C.B.S.E., New Delhi
with A+ Category School Recognition
THE MANAGEMENT, PRINCIPAL & STAFF CONGRATULATE ALL MERITORIOUS STUDENTS FOR AN
OUTSTANDING C.B.S.E. BOARD RESULT 2023-2024
CLASS - XII SCHOOL TOPPERS 2023-24
Gautam Gambhir 97.2% XII Commerce
Janvi Patil 96.8% XII Commerce
Keshav Singh 93% XII Commerce
Tanisha Prajapati 91.4% XII Commerce
Umesh Singh Bisht 96.2% XII Science
Vaniya Chauhan 95% XII Science
Jatin Chauhan 91.2% XII Science
Ishu Patel 91% XII Science
Lavisha Chauhan 90.2% XII Science
SUBJECT TOPPERS 2023-24
Gautam Gambhir (Business Studies 100/100)
Janvi Patil (Business Studies 100/100)
Umesh Singh Bisht (Chemistry 100/100)
Vaniya Chauhan (Chemistry 100/100)
Lavisha Chauhan (Information Tech. 100/100)
CLASS - X SCHOOL TOPPERS 2023-24
Bhumika Sharma 97.4% Class X
Kumar Vaibhav 97% Class X
HARSHIT CHAUHAN 96.8%
HARSH AGRAWAL 96.6%
MANYA SATI 96.4%
AKSHAT SINGH 96.2%
VARSHA RANI 96.2%
KANISHKA BISHT 96.%
SAKSHAM AGRAWAL 95.4%
ARYAN CHAUHAN 95.2%
VAIBHAV SINGH 95.2%
SHAURYA RAWAT 95%
MAHAK PAHWA 95%
NANDANI MATHUR 95%
RIYA 95%
KANAK PANDEY 95%
SAURABH KUMAR MISHRA 94.6%
DIKSHA CHADHA 94.4%
KALYANI SINGH 93.6%
VIDHAN NAGPAL 93.6%
VIKAS JOSHI 93.4%
ADITYA SHRIVASTAV 93.4%
ANUJ SHARMA 93.2%
MUDIT JAIN 92.6%
PAYAL NAYAK 92.4%
KOMAL MALIK 92.2%
ISHANT SAGAR 92.2%
ANUSH RATHORE 92%
NIRMAL SINGH MEHTA 91.8%
ALKA KUMARI 91.4%
AYUSH CHAURASIYA 91.4%
PIYUSH GUSAIN 91.2%
ANJALI PRAJAPATI 91%
NEERAJ PANDEY 91%
LALIT SINGH ADHIKARI 90.2%
ANURAG RAWAT 90%
SUBJECT TOPPERS 2023-24
Akshat Singh (Mathematics 100/100)
Kumar Vaibhav (Mathematics 100/100)
Aryan Chauhan (Social Science 100/100)
Vidhan Nagpal (Social Science 100/100)
Saksham Agrawal (Social Science 100/100)
Vaibhav Singh (Social Science 100/100)
Congratulations
Adarsh Colony, Rudrapur-263153, U.S. Nagar (Uttarakhand)
E-mail : rainbowps@rediffmail.com I Website : www.rainbowpublicschool.org | Contact Ph.: 05944-243977, +91 9319396455

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## अंधविश्वास का कारोबार

जिस दौर में किसी भी मसले पर छाए धुंध को विज्ञान के सहारे साफ कर लिया जाता है, उसमें अंधविश्वास के चलते एक बच्चे की जान ले लेना हैरान करता है। उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में एक तांत्रिक ने दो युवकों के साथ मिल कर एक आठ वर्ष के बच्चे की गला काट कर हत्या कर दी, उसके साथ तंत्र-मंत्र का कर्मकांड किया और शव को गड्ढा खोद कर छिपा दिया। इन लोगों को लगता था कि ऐसा करने से जंगल में कहीं गड़ा खजाना मिल जाएगा। एकबारगी यह अविश्वसनीय लगता है कि वैज्ञानिक चेतना के विकास के बीच भी क्या ऐसी घटनाएं हो सकती हैं! मगर आज भी ऐसे तमाम लोग हैं, जिन्हें लगता है कि जादू-टोना, तंत्र-मंत्र या कर्मकांड के सहारे कुछ मनचाहा हासिल किया जा सकता है। सवाल है कि शिक्षा-दीक्षा और वैज्ञानिक पद्धतियों के व्यापक विकास-विस्तार के बावजूद ऐसी स्थिति क्यों कायम है, जिसमें अंधविश्वास का कारोबार करने वालों और इस संजाल में लोगों को फंसा कर उनसे अपराध तक कराने वालों में कोई हिचक नहीं है। सही है कि तकनीक का विस्तार आज दूरदराज के इलाकों तक हो चुका है और इसके जरिए ज्यादातर लोगों तक कई भ्रामक वैज्ञानिक व्याख्याएं पहुंच पाती हैं। मगर जिस विज्ञान और तकनीक के सहारे अज्ञानता पर पड़े पर्दे को हटाने में मदद मिल सकती है, उसी के सहारे कुछ लोग अंधविश्वास फैलाने वाली सामग्री भी परोसते हैं। आज तकनीकी संजाल का विकास इस तरह हो गया है कि कोई व्यक्ति इंटरनेट पर अपनी रुचि से जो सामग्री देखता-पढ़ता है, उसे उसी से संबंधित चीजें ज्यादा दिखने लगती हैं। इस वजह से भी तकनीक के सहारे विज्ञान को समझने की कोशिश शुरू करने वाला कोई व्यक्ति फिर अंधविश्वास के जाल में उलझ जाता है। संविधान के अनुच्छेद 51 ए के अनुसार वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना सरकार की जिम्मेदारी है। अपराध घटित होने पर कानूनी कार्रवाई होती है, मगर यह सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाने में सरकारों की भी दिलचस्पी नहीं दिखती कि अंधविश्वास का जाल फैलाने वाली गतिविधियों को रोका जाए और लोगों के बीच वैज्ञानिक चेतना के विकास के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं।

## यात्रा में अब तक 94,218 से अधिक श्रद्धालुओं की हुई स्वास्थ्य स्क्रीनिंग

देहरादून। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. विनीता शाह ने चारधाम यात्रा में स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी देते हुए बताया कि चारधाम यात्रा में अब तक 94,218 से अधिक श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य स्क्रीनिंग की जा चुकी है साथ ही 18,989 से अधिक ओपीडी की गयी है। डॉ.शाह द्वारा बताया गया कि हर धाम पर विशेष स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किए गए हैं जहाँ 24◦7 मेडिकल सुविधाएँ उपलब्ध हैं। प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर, नर्स व प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों की टीम तैनात है। यात्रा मार्ग पर विभिन्न स्थलों पर मोबाइल मेडिकल यूनिट स्थापित की गई हैं। श्रद्धालुओं से अपील करते हुए स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.विनीता शाह ने कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। श्रद्धालु यात्रा पर निकलने से पहले अपने चिकित्सक से परामर्श लें व सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ऊँचाई पर ठंड और बर्फबारी का ध्यान रखते हुए गर्म कपड़े, टोपी, दस्ताने, और अच्छे जूते पहनें। ट्रेकिंग के लिए उपयुक्त उपकरण और सामान साथ रखें। शुद्ध पानी पिएं और अपने साथ पर्याप्त पानी रखें। हल्का, पौष्टिक और आसानी से पचने वाला भोजन करें। उन्होंने बताया कि श्रद्धालु किसी भी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी व सहायता हेतु विभाग के 24◦7 टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 104, 18001801200 व 01357156104 पर संपर्क कर सकते हैं। श्रद्धालु यात्रा के दौरान सभी नियमों का पालन करें और अपनी यात्रा को सुखद और सुरक्षित बनाएं।



## रुद्रनाथ मंदिर के कपाट खुले

चमोली। पंच केदार में चतुर्थ केदार रुद्रनाथ मंदिर के कपाट आज सुबह 5:00 बजे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। मंदिर के कपाट खुलते ही मौके पर करीब 200 तीर्थ यात्रियों ने भगवान रुद्रनाथ के दर्शन किए। मुख्य पुजारी वेद प्रकाश भट्ट ने भगवान रुद्रनाथ का जलाभिषेक किया। इस वर्ष मंदिर की पूजा-अर्चना की जिम्मेदारी प्रधान पुजारी वेदप्रकाश भट्ट पर है। वहीं द्वितीय केदार भगवान मदमहेश्वर की चल उत्सव विग्रह डोली ने भी अपने धाम के लिए प्रस्थान किया।

## मैदानी जिलों में कटौती से लोग परेशान

देहरादून। प्रदेश में गर्मी के साथ ही बिजली की मांग अब रिकॉर्ड 5.5 करोड़ के करीब पहुंच गई है। मैदानी जिलों में गर्मी के बीच कटौती से लोग परेशान रहे। हालांकि, यूपीसीएल का दावा है कि अभी कहीं शेड्यूल पावरकट नहीं किया जा रहा है।राज्य में इस बार मई के महीने में ही बिजली की मांग नए रिकॉर्ड की ओर बढ़ रही है। शुक्रवार को मांग का आंकड़ा 5.4 करोड़ यूनिट से ऊपर पहुंच गया। इसके सापेक्ष बिजली की उपलब्धता चार करोड़ यूनिट तक ही है। यूपीसीएल बाकी बाजार से खरीद रहा है। किल्लत के बीच शुक्रवार को हरिद्वार, देहरादून, ऊधमसिंह नगर के ग्रामीण इलाकों में तीन से चार घंटे तक कटौती की गई। छोटे कस्बों में भी करीब दो घंटे की कटौती हुई। गर्मी में कटौती से लोग परेशान हो गए। हालांकि, यूपीसीएल प्रबंधन का कहना है कि कहीं भी शेड्यूल रोस्टिंग नहीं की जा रही है। स्थानीय स्तर पर फॉल्ट आने की स्थिति में ही कटौती हुई होगी। यूपीसीएल के लिए गर्मी के इस सीजन में बिजली आपूर्ति करने में भारी मुसीबत हो रही है। ऑफ पीक ऑवर में तो बिजली करीब साढ़े चार रुपये यूनिट के दाम पर मिल रही है, लेकिन पीक ऑवर में बाजार में बिजली के दाम 12 रुपये प्रति यूनिट तक पहुंच गए हैं। इतने दामों पर बिजली खरीदकर इसके आधे से भी कम पर आपूर्ति करना खासा घाटे का सौदा साबित हो रहा है।

## भीषण गर्मी ने तोड़ा रिकॉर्ड

देहरादून। इन दिनों उत्तर भारत में गर्मी अपने तेवर दिखा रही है। चिलचिलाती धूप के साथ हीट वेव चलने से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून सहित मैदानी जनपदों में ऊधमसिंहनगर, हरिद्वार हल्द्वानी में भीषण गर्मी से लोग बेहाल हो रहे हैं। कई क्षेत्रों में भूजल स्तर गिरने से पेश्यजल संकट गहराने लगा है।देहरादून में गर्मी ने बीते 10 सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया। दून में अधिकतम तापमान सामान्य से छह डिग्री बढ़ोतरी के साथ 41 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उधर मौसम वैज्ञानिकों का कहना है आने वाले कुछ दिनों में गर्मी बढ़ने के साथ हीट वेव परेशान करेगी। देहरादून मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने कहा, आने वाले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। प्रदेश के मैदानी इलाकों में गर्म हवाएं चलने का अनुमान जताया जा रहा है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों उत्तरकाशी, चमोली, पिथौरागढ़, बागेश्वर, रुद्रप्रयाग, अल्मोड़ा और टिहरी के कुछ इलाकों में हल्की बारिश होने के आसार हैं। जबकि अन्य जिलों में मौसम शुष्क रहेगा।

## शिविर में 27 दिव्यांगों को वितरित किये कृत्रिम अंग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।भारत विकास परिषद विवेकानन्द शाखा रुद्रपुर द्वारा आयोजित दिव्यांग सहायता शिविर में 27 लाभार्थियों को सिटी क्लब रुद्रपुर में आयोजित कार्यक्रम में कृत्रिम अंग प्रदान किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद के रीजनल संयुक्त महासचिव नरेंद्र अरोरा, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एस. पी.सिंघल, समाजसेवी उद्योगपति राजेंद्र तुलस्यान, निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, शाखा अध्यक्ष हरीश ग्रोवर ने दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया।विवेकानन्द शाखा के सेवा संयोजक अंकुर अग्रवाल ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि पूर्व में विवेकानन्द शाखा द्वारा 2016, 2019 तथा 2022 में तीन दिवसीय दिव्यांग सहायता शिविर आयोजित किए जाते रहे हैं तथा सदस्यों की इच्छा थी कि इस सेवा कार्य को नियमित रूप से किया जाए, अत: एस पी सिंघल द्वारा इस कार्य हेतु अपने स्थान को विवेकानन्द शाखा को उपलब्ध करवाया गया और वहां पर विवेकानन्द सेवा केंद्र की स्थापना की गई और 6 मई को आयोजित शिविर में 27 दिव्यांगजनों के नाप लिए गए और आज के कार्यक्रम में उन्हें यह अंग प्रदान किए जा रहे हैं। अगस्त माह में अगला दिव्यांग सहायता शिविर प्रस्तावित है जिसकी तिथि की घोषणा शीघ्र की जाएगी। विशिष्ट अतिथि एस पी सिंघल ने अपने संबोधन में विवेकानन्द शाखा के सदस्यों की इस सेवा कार्य हेतु प्रशंसा करते हुए अपनी ओर से सहयोग की भी घोषणा की। मुख्य अतिथि नरेंद्र अरोरा ने बताया कि भारत विकास परिषद द्वारा सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों में विवेकानन्द शाखा द्वारा किया जा रहा दिव्यांग सहायता का यह कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है, रुद्रपुर में स्थापित इस सेवा केंद्र के द्वारा आस पास के दिव्यांग जनों की बहुत सहायता की जा सकेगी। उन्होंने उपस्थित लोगों को नेत्रदान के विषय में भी जागरूक किया।शाखा अध्यक्ष हरीश ग्रोवर ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के प्रांतीय दायित्वधारी संजय राधू, वीरेन्द्र सुखीजा, दीपक अरोरा, रुद्रपुर शाखा के राहुल सिंघल, कीर्ति निधि शर्मा, राजकुमार बिंदल, मनीष अग्रवाल, अशोक सिंघल, सुनीता खेड़ा, सीमा बिंदल, वीर सावरकर शाखा के शशांक गुप्ता, सन्नी धवन विवेकानन्द शाखा के कोषाध्यक्ष अभि अग्रवाल, सदस्य अमित सिंघल, प्रतीक तुलस्यान, अखिलेश पांडे, हेमेंद्र गंगवार, पवन कक्कड़, ललित मोहन कौशिक, पवन मेहरोत्रा, सौरभ अग्रवाल, अक्षय माहेश्वरी, विनय वर्मा, शीशपाल सिंह, विकास गोयल आदि उपस्थित रहे।




## अग्रवाल महिला समिति ने छबील लगाकर बांटा शर्बत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। राहगीरों को भीषण गर्मी से राहत दिलाने के उद्देश्य से आज अग्रवाल महिला समिति द्वारा काशीपुर बाईपास रोड़ में अग्रवाल धर्मशाला मार्ग मोड़ पर छबील लगाकर राहगीरों को मीठा जल वितरित किया गया। समिति अध्यक्ष सुषमा अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान में तेज धूप के कारण आम जनता को



भारी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें गर्मी से राहत दिलाने के लिए समिति द्वारा छबील लगाई गई है। ताकि मीठा जल पीकर राहगीरों को गर्मी से कुछ राहत मिल सके। उन्होंने बताया कि अग्रवाल महिला समिति जनहित में समय समय पर कार्यक्रम आयोजित करती रहती है। इस दौरान समिति की महामंत्री प्रिया गर्ग, कोषाध्यक्ष ऊषा श्यामपुरिया, राधा अग्रवाल, विजय अग्रवाल, मोनिका बंसल, विजय श्यामपुरिया, अग्रवाल सभा अध्यक्ष अर्जुन गुप्ता, महामंत्री अमित जैन, अनुज जैन, राजेन्द्र तुलसियान व सविता बांगा आदि ने छबील में सहयोग किया।

## 25 मई से शुरू होगी हेमकुंड साहिब यात्रा, तैयारियां पूर्ण

### जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने अधिकारियों के साथ लिया यात्रा का जायजा

चमोली। श्री हेमकुंट साहिब की यात्रा शुरू होने से पहले चमोली के जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने विभागीय अधिकारियों के साथ गोविंदघाट गुरुद्वारा से हेमकुंट साहिब तक 18 किलोमीटर की दूरी पैदल चलकर यात्रा मार्ग पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हेमकुंट साहिब की यात्रा को सुगम और सुखद बनाने के लिए यात्रा से पहले पैदल मार्ग पर सभी व्यवस्थाओं को सुचारू किया जाए। श्री हेमकुंट साहिब और लोकपाल मंदिर की यात्रा इस साल 25 मई से शुरू होगी। हेमकुंट साहिब गुरुद्वारा के आसपास अभी भी करीब 08 फीट बर्फ है। यहां लक्ष्मण मंदिर व हेमकुंट सरोवर भी पूरी तरह से बर्फ से ढका हुआ है, हालांकि सेना के जवानों ने हेमकुंट साहिब मार्ग पर बर्फ हटाकर आवाजाही सुचारू कर दी है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि पैदल यात्रा मार्ग पर मोड़ सुधारीकरण, रेलिंग,





पार्किंग, घोड़ा पड़ाव तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेन शेल्टर, यात्री शेड, बेंच, साइनेज सहित बिजली, पानी, शौचालय, साफ सफाई, स्वास्थ्य और सुरक्षा की समुचित व्यवस्थाएं की जाए। घोड़े-खच्चरों के लिए भी गर्म पानी की उचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने जल संस्थान को यात्रा मार्ग पर सभी स्टैंड पोस्ट और वाटर एटीएम में शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुचारू करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने इको विकास समिति को पुलना, भ्यूंडार, जंगल चट्टी, घांघरिया, अटलाकोटी में निर्मित नए शौचालयों में रंगरोगन और यात्रा मार्ग पर साफ सफाई, सभी सुलभ शौचालयों में बिजली और पानी की समुचित व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। पुलिस विभाग को यात्रा के दौरान सुरक्षा के सभी इंतजाम करने, एसडीआरएफ के साथ डीडीआरएफ जवानों की भी तैनाती करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने घांघरिया हेलीपैड, थाना, चौकी, अस्पताल सहित यात्रा से जुड़ी अन्य तमाम व्यवस्थाओं का जायजा लिया और श्री हेमकुंट साहिब, लोकपाल मंदिर और वैली ऑफ फ्लावर की यात्रा को सुखद बनाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। हेमकुंट साहिब यात्रा मार्ग पर लोनिवि ने 84 डेंजर मोड़ में से 72 मोड़ों का सुधारीकरण कार्य पूर्ण कर दिया है। शेष कार्य प्रगति पर हैं। म्यूंडार गांव में 165 मीटर लंबा पुल बनकर तैयार है। पुलना से हेमकुंट तक के ट्रैक पर 14 रेन शेल्टर, 02 यात्री शेड और 282 बैंच यात्रियों के बैठने के लिए तैयार किए गए हैं। हेमकुंट यात्रा मार्ग पर स्थित 30 पीटीएसपी व टीटीएसपी पर पेयजल सुचारू करने का काम चल रहा है। पुष्पावती नदी से घांघरिया के लिए नई पेयजल लाइन पर भी काम शुरू हो गया है। घांघरिया में घोड़े-खच्चरों के लिए बाईपास बनाया गया है। अटलाकोटी तल्ली और मल्ली में दो नए शौचालय बनाए गए हैं। निरीक्षण के दौरान गोविंद घाट गुरुद्वारा के प्रबंधक सेवा सिंह, डीएफओ भारत भूषण मर्तोलिया, एसडीएम चन्द्र शेखर बशिष्ठ, सीएमओ डा.राजीव शर्मा, सीओ पुलिस अमित कुमार शैनी सहित यात्रा व्यवस्थाओं से जुड़े अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# ध्वजारोहण के साथ भंजूराम अमर इंटर कालेज का वार्षिकोत्सव शुरू





रूद्रपुर(उद संवाददाता)। ग्राम भूरारानी स्थित श्री भंजूराम अमर इंटर कालेज के 47 वें वार्षिकोत्सव समारोह के तहत रविवार प्रात: विद्यालय परिसर में हवन यज्ञ के पश्चात ध्वजारोहण किया गया। इससे पूर्व गत सायं 151 सुहागिन महिलाओं द्वारा महामण्डलेश्वर परम श्रद्धेय श्री स्वामी धर्मदेव जी महाराज के पावन सानिध्य व आर्शीवाद सेभव्य कलश यात्रा निकाली गई जो ग्राम भूरारानी में शिवालिक पीवीसी पाईप फैक्ट्री से प्रारम्भ होकर यज्ञशाला आकर सम्पन्न हुई। कलश यात्रा प्रारम्भ होने से पूर्व फैक्ट्री परिसर में धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग किया। प्रात: विद्यालय परिसर में आचार्य मदन मोहन भट्ट व आचार्य याज्ञवल्क्य चतुर्वेदी के तत्वावधान में यजमानों द्वारा श्री विष्णु महायज्ञ का आयोजन किया गया। तत्पश्चात ध्वजारोहण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें श्रीमती कनुप्रिया अरोरा व मनीष अरोरा द्वारा संयुक्त रूप से धार्मिक अनुष्ठानों साथ ध्वजारोहण किया। तदोपरांत विद्यालय के छात्र छात्रों द्वारा झंडा गीत, गणेश वंदना, धरती कहे पुकार के नाटक, मां भवानी की प्रस्तुति कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रद्धेय स्वामी धर्मदेव जी महाराज जी के आर्शीवाद से सभी अभिभूत हुए। उन्होंने कलश यात्रा के यजमान श्रीमती सिमरन, रजत कोहली व ध्वजा रोहण कार्यक्रम के यजमान श्रीमती कनुप्रिया एवं मनीष अरोरा को शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। आज रात्रि 8 से 11 बजे तक सुप्रसिद्ध मधुर गायक श्री राम श्याम बंधु बरेली द्वारा भजन संध्या का कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा। कार्यक्रम में स्वामी रामानन्द जी, श्रीमती प्रवीण पोपली, यशपाल पोपली, दलेल सिंह राजपूत, महजाराज श्री के कृपा पात्र शिष्य संजीव (कपिल), अशोक बांगा, गणपतराम गांधी, सुरेश गांधी, मोहन लाल खेड़ा, सिमरन कोहली, रजत कोहली, राम किशन खेड़ा, केसर दास खेड़ा, भारत भूषण चुघ, विजय चोटमुरादा, मदन मोहन भट्ट, विजय शास्त्री, प्रधानाचार्य एनएल गंगवार, ऊषा गांधी, मीना गांधी, नीलम कटारिया, अंजू कटारिया, श्वेता अरोरा, बब्बल अरोरा, आशा अरोरा, ममता जड़वानी, आयुशी जड़वानी, सीमा गांधी, कौशल्या, नीतू कटारिया, रूचि छावड़ा, जुगनू धींगरा, सुमन अरोरा, पजा जुनेजा, मानसी अरोरा, कुसुम, पूजा अदलखा, दीपा अदलखा, ज्योति खत्री, मधु कटारिया, अनीता कक्कड़, कविता खेड़ा, सुनीता खेड़ा, राधा माटा सहित हजारों की संख्या में गणमान्य अतिथि विद्यालय स्टॉफ तथा छात्र छात्रायें उपस्थित रहे।

## वार्ड नंबर 14 से संदीप पांडे ने ठोकी पार्षद के लिए दावेदारी

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भाजपा नेता संदीप पांडेय ने भदईपुरा वार्ड नंबर 14 से भाजपा प्रत्याशी के रूप में पार्षद पद की दावेदारी पेश की है। उन्होंने जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, मंडल अध्यक्ष धर्म सिंह कोली, मंडल उपाध्यक्ष संदीप बाजवा मंडल महामंत्री सुनील ठुकराल को अपनी दावेदारी का पत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि उन्हें प्रत्याशी बनाया तो वार्ड 14 से ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे। संदीप पांडे ने कहा कि उनके परिवार ने हमेशा भाजपा के हितों के लिए काम किया है।



उन्होंने बताया कि कोरोना कल में उन्होंने जनता की निस्वार्थ सेवा की है और उनके हर दुख सुख में हमेशा वार्ड वासियों के साथ कंधे से करना मिलकर चले हैं। पूरे वार्ड में लोगों का उन्हें आशीर्वाद मिल रहा है। दक्षिणी मंडल अध्यक्ष धर्म सिंह कोली ने कहा कि संदीप पांडेय लंबे समय से भाजपा से जुड़े हुए है और पार्टी की नीतियों के साथ चलने व नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करते रहे है । उनके पिता स्वर्गीय घनश्याम पांडेय भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता थे। वर्तमान में उनका भाई सूरज पांडेय भाजपा दक्षिणी मंडल से भाजयुमो का उपाध्यक्ष है। पार्टी के कार्यक्रमो में लगातार उपस्थिति बनी रहती है। मंडल महामंत्री सुनील ठुकरालं ने बताया कि वार्ड में उनकी अच्छा व्यवहार है और लोगों के सुख-दुख में आना-जाना लगा रहता है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष संदीप बाजवा,मंडल महामंत्री सुनील ठुकराल, सूरज पांडेय उपाध्यक्ष, आदित्य पांडे, नवीन नैनवाल आदि लोग मौजूद रहे।

## वनाग्नि की घटनाओं को रोकने के लिए जंगलों में जल संग्रह केंद्र बनाए : उनियाल

रामनगर। रामनगर में हुई वनाधिकारियों की समीक्षा बैठक में प्रदेश के वन मंत्री सुबोध उनियाल ने अधिकारियों को वनाग्नि रोकने के सख्त निर्देश दिए। रामनगर के गर्जिया रेस्ट हाउस में वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि वनाग्नि की घटनाओं को रोकने के लिए जनता का सहयोग लें। जंगलों में जल संग्रह केंद्र बनाए, ताकि आग लगने पर इन संग्रह केंद्रों से पानी लेकर आग को बुझाया जा सके। ग्रामीणों को पीरूल के जरिए आजीविका से जोड़ा जाए। समीक्षा बैठक में धनजंय मोहन, डॉ. समीर सिन्हा, कुमांऊ के मुख्य वन संरक्षक पीके पात्रों, मुख्य वन संरक्षक वनाग्नि निशांत वर्मा, वन संरक्षक डॉ. विनय भार्गव, सीटीआर निदेशक डॉ. धीरज पांडेय, बीजू लाल, कोको रोसे, कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत और रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट मौजूद रहे। वहीं कालाढूंगी में वन मंत्री ने विधायक बंशीधर भगत के साथ अधर में लटकी योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। मंत्री ने अधिकारियों से तत्काल योजनाओं पर एक्शन लेने को कहा। इसी के साथ उन्होंने अधर में लटके मिनी स्टेडियम का भी निरीक्षण किया। इस दौरान विकास भगत, विक्रम जंतवाल, पुष्कर कत्यूरा,रवि कन्याल, महेश शर्मा, महेंद्र सिंह अधिकारी, दीवान बिष्ट, गोपाल बुढलाकोटी, विनोद बुढलाकोटी, हरीश मेहरा, महमूद हसन बंजारा, कैलाश बुधलाकोटी, राजकुमार पांडे, मोहन पांडे, कविता बलिया शामिल रहे।

## आग से झुलसा युवक,एसटीएच में भर्ती

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। एक युवक आग से झुलस गया। उसका एसटीएच में उपचार चल रहा है। उसने ससुरालियों पर मारपीट और आग से जलाने का का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार नीलांचल कॉलोनी फेस-2, टीपीनगर निवासी विशाल मौर्य को झुलसी हालत में डॉ सुशीला तिवारी अस्पताल भर्ती कराया गया है। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घ्बुरी तरह झुलसे विशाल से जानकारी जुटाई। विशाल का कहना है कि उसकी पत्नी किरन बीते दिनों खन्ना फार्म तीनपानी स्थित अपने मायके चली गई। बीती शाम जब वह पत्नी को लेने गया तो ससुरालियों ने उसे रविवार की प्रात: आने के लिए कहा। इस पर वह पुन: वहां पहुंचा और ससुरालियों से किरन को साथ भेजने को कहा। आरोप है कि इस बीच साले व अन्य ससुरालियों ने उस पर डंडे से हमला कर दिया। जिससे वह बेहोश हो गया। उसने ससुरालियों पर मारपीट और झुलसाने का आरोप लगाया है।

## जूही बब्बर के साथ सौरभ बेहड़ ने कांग्रेस प्रत्याशी के लिए मांगे वोट

गुड़गांव(उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव में पांचवें चरण का मतदान 25 मई को होना है जिसमें देश भर की 49 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा । ऐसे में तमाम प्रत्याशी और उनके समर्थक चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक रहे हैं। गत दिवस गुड़गांव लोकसभा सीट के बादशाहपुर में कांग्रेस के प्रत्याशी राज बब्बर की पुत्री जूही बब्बर और युवा कांग्रेसी नेता सौरव राज बेहड ने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इस बार देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी, क्योंकि देश की जनता भाजपा के जुमले से तंग आ चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने



सिर्फ धर्म के आधार पर राजनीति की है ।ऐसे में देश की जनता परिवर्तन चाहती है। युवा कांग्रेसी नेता बेहड ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भाजपा सरकार में महंगाई बेरोजगारी चरम पर पहुंच गई है ,युवा दर-दर की ठोकरे खा रहे हैं लेकिन भाजपा सरकार ने देश के युवाओं के लिए कुछ नहीं किया और अब देश का युवा देश में बदलाव चाहता है। उन्होंने जूही बब्बर के साथ बादशाहपुर के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी जनसभाएं की तथा डोर टू रोड जाकर मतदाताओं से संपर्क किया। उन्होंने कहा गुड़गांव में लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी राज बब्बर ऐतिहासिक जीत हासिल करेंगे।

## फायर कर्मियों ने गधेरे में फंसे छह गायों को किया रेस्क्यू

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। फायर स्टेशन रानीखेत की टीम ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर गधेरे में फंसे 6 बेजुबानों की जान बचाकर मानवता की मिसाल पेश की। फायर सर्विस रानीखेत की टीम द्वारा भैसोली डलमोटी कालिका के पास गधेरे में फसी 6 गायों को रेस्क्यू किया गया जो लगभग 100 फीट नीचे गधेरे में गिरी थी जाने का कोई रास्ता नहीं था, कड़ी मशक्कत के बाद फायर सर्विस टीम द्वारा स्थाई स्थानीय जनता की मदद से सभी गायों का सकुशल रेस्क्यू किया गया, पूरे रेस्क्यू ऑपरेशन में लगभग 8 घंटे का समय लगा। रेस्क्यू टीम में लीडिंग फायर मैन नरेश जोशी, चालक उत्तम सिंह, फायरमैन अनुज शर्मा, फायरमैन देवेंद्र सिंह ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए रेस्क्यू कार्य को अंजाम दिया । स्थानीय जनता द्वारा फायर सर्विस रेस्क्यू टीम की प्रशंसा की गई।



## लिटिल किंगडम प्रीप्रेट्री स्कूल में छात्र परिषद को दिलाई शपथ

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।डी डी चौक स्थित लिटिल किंगडम प्रीप्रेट्री स्कूल में नवगठित छात्र परिषद का अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। वरिष्ठ प्रशासिका श्रीमती परविन्दर पुरी, प्रधानाचार्या श्रीमती चरनजीत कौर, उपप्रधानाचार्या सिमरन पुरी व विद्यालय संचालक लक्ष्य शर्मा ने बताया कि यह समारोह एक महत्वपूर्ण अवसर है। इसमें नवनिर्वाचित छात्र परिषद के प्रतिनिधियों को कुछ भूमिकाएँ और जिम्मेदारियाँ सौंपी जाती हैं क्योंकि यह उन्हें समय से शक्तिशाली




और देखभाल करने का आजीवन कौशल सिखाता है। विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट करते हुए वरिष्ठ प्रशासिका, प्रधानाचार्या, उपप्रधानाचार्या विद्यालय संचालक व शिक्षकगण सभी को सलामी दी। संचालक लक्ष्य शर्मा जी द्वारा नवनिर्वाचित छात्र परिषद के प्रतिनिधियों को शपथ ग्रहण कराई गई। अंत में वरिष्ठ प्रशासिका श्रीमती परविन्दर पुरी ने सभी सदस्यों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि आप सब आज लिटिल किंगडम प्रीप्रेट्री स्कूल के नेता हो और भविष्य में अपने देश के नेता बनोगे। हैड ब्वाय, हैड गर्ल, कैप्टन, वाइस कैप्टन के रूप में आप सबको ज्ञान का प्रकाश फैलाना है और अन्य छात्रों को अनुशासन में रहना सिखाना है।

## वार्डों में सुनी लोगों की समस्याएं

खटीमा (उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओ ने शिव कालोनी, पूर्णागिरी कालोनी, ब्रह्म कालोनी में समस्याओं का जायजा लिया एवं स्थानीय निवासियों की समस्याए सुनी। मुखमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा निर्देश पर भाजपा कार्यकर्त्ता विभिन्न वार्डों एवं कालोनी मे लोगों को समस्या सुनकर का जनता के साथ संवाद निरंतर कायम रहेगा। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि जो समस्या स्थानीय अधिकारियों के द्वारा जिनका निराकरण किया जाना संभव है वह स्थानीय स्तर पर उनका समाधान किया जाएगा और क्षेत्र की बड़ी समस्याओं से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को अवगत कराया जाएगा।



उनका समाधान करने का प्रयास कर रहे है। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी के समक्ष स्थानीय निवासियों ने रोड में मिट्टी भरान, बिजली पोल, बरसाती पानी की निकासी आदि समस्याओं के निराकरण की मांग की। जिसके समाधान का जल्द ही संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर रमेश चंद्र जोशी ने निराकरण का अश्वासन दिया। नगर महामंत्री मनोज बाजवा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी इस अवसर पर नगर महामंत्री मनोज वाधवा, बीजेपी युवा नेता प्रदीप कुमार गुप्ता, सुमित सक्सेना, रमेश कश्यप, डीके ठाकुर, धर्मवीर सिंह, नारायण पंडित, पप्पू मौर्य, हर प्रसाद सक्सेना, अर्जुन दीक्षित, विनोद वर्मा, नीरज शर्मा, राधा देवी, ममता देवी, सुनीता देवी, संतोष, मीना देवी, प्रेमदास गुप्ता, संतोष गुप्ता, सुरेंद्र कुमार, राजन थापा आदि स्थानीय निवासी उपस्थित थे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# पिकप खाई में गिरने से चालक की मौत

बागेश्वर(उद संवाददाता)। रविवार की सुबह यहां तोली बगर मार्ग पर एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर 200 गहरी खाई में जा गिरा। इस हादसे में वाहन चालक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू अभियान चलाकर खाई से शव को बाहर निकाला।जानकारी के मुताबिक रविवार की सुबह आपदा कण्ट्रोल रूम बागेश्वर द्वारा एसडीआरएफ टीम को सूचित किया गया कि तोली बगर मार्ग पर एक वाहन खाई में गिर गया है जिसमें रेस्क्यू हेतु एसडीआरएफ टीम की आवश्यकता है। उक्त सूचना पर एसडीआरएफ टीम उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह के हमराह मय आवश्यक रेस्क्यू उपकरणों के तत्काल घटनास्थल हेतु रवाना हुई। बताया जा रहा है पिकअप वाहन कपकोट से ग्राम तोली की ओर जाते समय अचानक अनियंत्रित होकर खाई में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। एसडी आरएफ रेस्क्यू टीम द्वारा मौके पर पहुँचकर त्वरित कार्यवाही करते हुऐ रोप की सहायता से लगभग 200 मीटर नीचे गहरी खाई में उतरकर उक्त पिकअप वाहन तक पहुँच बनायी। चालक की मोके पर ही मृत्यु हो चुकी थी, एसडी आरएफ टीम द्वारा उक्त चालक के शव को खाई से बाहर निकालकर मुख्य मार्ग तक पहुँचाकर जिला पुलिस के सुपर्द किया गया। मृतक की पहचान 26 वर्षीय भास्कर सिंह पुत्र खिलाफ सिंह निवासी ग्राम तोली जिला बागेश्वर के रूप में हुई है। इधर पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना देने के साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है।



# टैंपो ट्रैवलर के ब्रेक फेल, सूझ बूझ से बड़ा हादसा टला

चमोली(उद संवाददाता)। चमोली में बदरीनाथ हाईवे पर देर रात ब्रेक फेल होने से यात्रियों से भरा एक टेंपो ट्रैवलर पलट गया। वाहन के पलटते ही यात्रियों में चीख पुकार मच गई। गनीमत रही कि चालक की सूझबूझ ने वाहन में सवार सभी यात्रियों की जान बचा ली। कुछ यात्री घायल हुए हैं। पुलिस के अनुसार टेंपो ट्रैवलर वाहन संख्या यूके-15पीए -4567 चमोली से पीपलकोटी की ओर जा रहा था। वाहन में अहमदाबाद गुजरात के करीब 18 यात्री सवार थे। सभी यात्री केदारनाथ से बदरीनाथ धाम के दर्शन के लिए जा रहे थे। चालक संजू पुत्र हरिचंद निवासी मंडी हिमाचल प्रदेश ने बताया कि वाहन के अचानक ब्रेक फेल हो गए थे। इसलिए उसने वाहन को पहाड़ी से टकरा दिया था, जिससे वाहन सड़क पर पलट गया। इस दौरान तीन यात्रियों को मामूली चोट आई है। बाकी सभी यात्री सुरक्षित हैं। पुलिस ने घायलों को 108 के माध्यम से उपचार क लिए जिला चिकित्सालय गोपेश्वर भेजा। अन्य यात्रियों के लिए वाहन की व्यवस्था कर उनके द्वारा पूर्व निर्धारित बुक किए गए होटल पीपलकोटी भेज गया।



# खेत में घास काट रही महिला की करंट से मौत

रामनगर(उद संवाददाता) ।रविवार की सुबह रामनगर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम मालधन चौड क्षेत्र में खेत में घास काटने गई एक महिला की करंट लगने के बाद दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद मृतक महिला के परिजनों में कोहराम मचा है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज नयाल ने बताया कि ग्राम गोपाल नगर नंबर 6 मालधन चौड निवासी ताराचंद्र की पत्नी अनीता देवी गांव में ही एक खेत में घास काटने गई थी उन्होंने बताया कि जब यह महिला घास काट रही थी इस बीच खेत में लगे ट्यूबवेल की तार महिला की दराती से टच हो गई इसके बाद इस महिला की करंट लगने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई महिला के शव का पोस्टमार्टम कराने के साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी गई है।



# सड़क हादसे में कन्टेनर चालक की जान गयी

रूद्रपुर। काशीपुर मार्ग पर गूलरभोज मोड़ के पास तीव्र गति से जाते अज्ञात वाहन चालक द्वारा सामने जाते कन्टेनर को टक्कर मार देने से कन्टेनर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसने कुछ ही देर में मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक चालक के शव को वाहन से बाहर निकाल कर अपने कब्जे में लिया और पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार समाधीपुर थाना बिसातगंज बरेली निवासी शायर खान पुत्र दिलशाद कन्टेनर संख्या यूपी 21 सीएन 6357 का चालक था। वह गत दिवस बहराईच से भूसी लेकर काशीपुर को रवाना हुआ था। आज प्रातः वह काशीपुर रोड़ पर गूलरभोज मोड़ के पास पहुंचा तो इसी दौरान पीछे की ओर से तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन चालक ने उसके कन्टेनर को जोर से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में कन्टेनर चालक शायर खान गंभीर रूप से घायल हो गया। खून से लथपथ चालक शायर खान की कुछ ही देर में मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक चालक के शव को वाहन से बाहर निकाल कर कब्जे में लिया और पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया। मामले की सूचना मृतक के परिजनों कों दे दी गई है।



# महिला ने गटका जहर, मौत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। गत सायं नारायण कालोनी ट्रांजिट कैम्प में पति पत्नी के मध्य हुए झगड़े के बाद महिल ने घर में रखा विषाक्त पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव अपने कब्जे में लेकर परिजनों से आवश्यक जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बताया जाता है नारायण कालोनी ट्रांजिट कैम्प निवासी 30 वर्षीय निर्मला शर्मा का किसी बात को लेकर पति विकास शर्मा के साथ गत दोपहर घर में ही झगड़ा हो गया था। जिसके बाद निर्मला ने गुस्से में आकर घर में रखा विषाक्त पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी हालत तेजी से बिगड़ गई और कुछ ही देर में उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मामले की जानकारी मिलते ही थाना पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होंने शव अपने कब्जे में लेकर परिजनों से घटना के सन्दर्भ में आवश्यक पूछताछ की तथा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस का कहना है कि मामलें में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# टप्पेबाजी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के तीन सदस्य दबोचे

## एक माह पूर्व पुलिस कर्मी की पत्नी के बैग से चुराये थे कीमती जेवर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस ने टप्पेबाजी और चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी और लूटा गया माल भी बरामद किया है। पकड़े गये बदमाश कई घटनाओं को अंजाम दे चुके थे। हाल ही में उन्होंने मैजिक वाहन पर रूद्रपुर से हल्द्वानी आ रही पुलिस कर्मी की पत्नी के बैग से कीमती जेवर चोरी कर लिये थे। बता दें 16अप्रैल 2024 को उत्तराखण्ड पुलिस के जवान संजय सिंह राणा की पत्नी श्रीमति नीमा राणा जो विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु रूद्रपुर से हल्द्वानी के लिए मैजिक वाहन में आ रही थी इसी दौरान अज्ञात चोरों ने बैंग में रखे जेवरात व नगद धनराशि को चोरी कर लिया। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने तत्काल घटना का संज्ञान लेते हुए खुलासे के निर्देश दिये थे। जिस पर कोतवाल उमेश कुमार मलिक के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने छानबीन करते हुए घटना में लिप्त सद्दाम पुत्र खुर्शीद निवासी हमीदाबाद थाना- बिलासपुर,रामपुर , एहसान अली पुत्र शेर मोहम्मद निवासी हमीदाबाद बिलासपुर रामपुर एवं नवाब अली पुत्र भूरे निवासी- हमीदाबाद थाना बिलासपुर को चोरी किये गये माल सहित काशीपुर रोड रूद्रपुर से गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से एक सोने की नथ,चाँदी की 02 जोडी पायल , एक जोड़ी सोने के कान के झूमके, एक सोने का मांग टीका,एक जोड़ी सोने की पौंची,एक सोने की लौकेट एवं एक हजार की नगदी बरामद की गयी। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उनका एक गैंग है जो भिन्न-भिन्न स्थानों पर जाकर टैम्पू, मैजिक व बस स्टैण्ड के आस-पास रैकी करते हैं इस दौरान अपने साथ सामान ले जाने वाले लोगों को चिन्हित कर जिस वाहन में वो बैठते हैं उसमें गैंग के सदस्य भी बैठ जाते हैं और मौका देखकर यात्री का बैग/ अटैची आदि ब्लैड आदि से काटकर खोलकर उसके अन्दर से किमती सामान चोरी कर लेते हैं। आरोपियों ने बताया कि पूर्व में जनपद रामपुर बरेली व रूद्रपुर से टप्पेबाजी के मुकदमों गिरफ्तार किये जा चुके हैं। पुलिस टीम में कोतवाल के अलावा टीपी नगर चौकी इंचार्ज दीपक बिष्ट, अपर उपनिरीक्षक राजेन्द्र मेहरा चौकी, हेड कांस्टेबल इशरार नबी, कांस्टेबल तारा सिंह, अनिल टम्टा आदि शामिल थे।



# दुकान से नगदी व अन्य सामान चोरी

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। चोरों ने एक ही रात में एक दुकान सहित एक गोदाम का ताला तोड़कर पुलिस को चुनौती दी है।चोरों ने उजाला नगर स्थित एक किराना की दुकान का ताला तोड़ कर दुकान में रखी नगदी और अन्य सामान चुरा लिया। उजाला नगर निवासी मुस्तकीम पुत्र अमजद ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि उसकी उजाला नगर नाले के पास राजा भाई किराना स्टोर के नाम से दुकान है। वह रोज की तरह बीती रात को दुकान बंद कर घर चला गया। जब वह जब सुबह दुकान में पहुंचा तो दुकान का ताला टूटा हुआ था। जब वह अंदर पहुंचा तो गल्ले में रखी 60 हजार रूपए की नगदी, सहित अन्य सामान दुकान से चोरी कर लिया गया। मामले की सूचना मुस्तकीम में बनभूल पूरा थाना पुलिस को दी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया और आसपास के सीसीटीवी कैमरा की फुटेज खंगाली पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उसकी दुकान से सिगरेट की डिब्बी सहित अन्य सामान भी पर हुआ है इतना ही नहीं दुकान के पीछे उसके चावल का गोदाम है चोरों ने उसके भी ताले तोड़े हैं पुलिस मामले की जांच कर रही है थाना अध्यक्ष नीरज भाकुनी का कहना है कि चोर जल्द ही पुलिस की पकड़ में होंगे।



# अज्ञात वाहन की टक्कर से मादा हिरन की मौत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। आज दोपहर नैनीताल मार्ग पर जिला न्यायालय के समक्ष अज्ञात वाहन की टक्कर से अचानक सड़क पर आये मादा हिरन की दर्दनाक मौत हो गई। वाहन चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। मामले की जानकारी मिलने पर वन रेंज के वन दरोगा आशुतोष आर्य साथी वन कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने मृतक हिरन के शव को अपने कब्जे में लिया। हिरन के मुंह से खून बह रहा था। घटना के बाद मुख्यमार्ग पर लोगों की भीड़ लग गई। जिससे कुछ देर तक यातायात भी बाधित रहा। बन दरोगा आशुतोष ने बताया कि मृतक मादा हिरन था। सीसीटीवी केमरों की मदद से मामले की जांच की जायेगी।



# घटिया निर्माण पर ग्रामीणों ने रूकवाया निर्माण

गदरपुर(उद संवाददाता)। ग्राम सूरजपुर नंबर एक से ग्राम बड़ा खेड़ा तक करीब 1 किलोमीटर सड़क का निर्माण कार्य विगत दिनों से चल रहा था। जब सड़क का निर्माण कार्य ग्राम बड़ा खेड़ा पहुंचा तो सड़क का निर्माण गुणवत्तापूर्ण न होने के कारण समाजसेवी प्रथम गिल्होत्रा के नेतृत्व में गांव के लोग सड़क पर पहुंचे और प्रदर्शन किया और चल रहे सड़क के निर्माण को रुकवा दिया। जिस पर सड़क पर काम कर रहे कर्मचारियों ने ठेकेदार को सूचना दी जिस पर ठेकेदार ने पीडब्ल्यूडी के जेई बहुगुणा को सूचना दी तो सूचना पर जेई बहुगुणा मौके पर पहुंचे और ग्रामीण से वार्ता कर सड़क के निर्माण कार्य को चालू करने के लिए कहा।जिस पर ग्रामीणों ने कहा कि पहले नाली का निर्माण कार्य किया जाए उसके बाद ही सड़क का निर्माण कार्य किया जाए। जिस पर पीडब्ल्यूडी के जेई बहुगुणा ने कहा कि मैंने नाली के निर्माण के लिए सड़क के ठेकेदार को सूचना दे दी है वह पहले नाली का निर्माण करेगा उसके बाद ही सड़क बनेगी जिस पर ग्रामीण शांत हुए और सड़क का निर्माण कार्य चालू हो गया। वहीं प्रथम गिलोहत्रा ने कहा कि ठेकेदार बन रही सड़क की नपाई करें और अगर सड़क बचती हैं तो गांव के अंदर सड़क का निर्माण करें। इस मौके पर डीसीबी अध्यक्ष सुभाष बेहड, पंडित तारा दत्त शर्मा, तनुज गिलोत्रा, अजय शर्मा ,बंटी बेहड, अंश बेहड ,काली शर्मा ,गौतम सीकरी, तीर्थ सीकरी ,साहिल फुटेला, शोभा रानी, रानी शर्मा,प्रीति शर्मा, राधा, कंचन बेहड,उषा रानी सहित काफी संख्या में महिला व पुरुष मौजूद थे।



# पंचायत के दौरान किया हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बच्चों के मध्य हुए झगड़े को निपटाने के लिए बुलाई गई पंचायत के दौरान एक व्यक्ति पर हमला कर दिया गया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में सुनील कुमार पुत्र चंद्र पाल निवासी नरपत नगर लम्बाखेड़ा ने कहा है कि 5 मई को उसके बच्चों का पड़ोस में रहने वाले तथा मुकेश, राकेश, दिनेश पुत्र हरिजीवन सें लडाई हुई । जिसके बाद आपस मे समझौता करने के लिए चौक पर पंचायत की। इसी दौरान अचानक मुकेश राकेश तथा दिनेश पुत्र हरिजीवन ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया । जिससे उसे काफी चोट आयी और वह पंचायत से जान बचाकर भाग गया । वह सभी अभी भी जान से मारने का प्रयास कर रहे हैं । पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर ली है।